दैनिक भास्कर
अजमेर 19-04-2023

मार्केट अपडेट

सतगुरु इंटरनेशनल स्कूलः स्पिक मैके द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ

अजमेर|पंचशील नगर स्थित सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में स्पिक मैके संस्था की ओर से विश्व विरासत दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत भरतनाट्यम् नृत्यांगना राजश्री वॉरियर व उनकी टीम ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली भरतनाट्यम् की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का प्रारम्भ नटराज भगवान शंकर की स्तुति के माध्यम से किया गया। विद्यालय निदेशक राजा डी. थारवानी ने राजश्री का स्वागत व सम्मान किया। राजश्री ने कृष्ण सुदामा मैत्री पर आधारित भरतनाट्यम् नृत्य की एक विधा का भावपूर्ण प्रस्तुतिकरण किया। नृत्यांगना राजश्री ने अतिथियों व विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए शास्त्रीय नृत्य शैली भरतनाट्यम् को स्पष्ट भी किया। स्पिक मैके संस्था वह संस्था है जो भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सहेजने व उनके प्रसार-प्रचार का कार्य करती है। इनका उद्देश्य है कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन व संरक्षण कर उन्हें विरासत रूप में सहेज कर आने वाली पीढ़ी के सुपुर्द किया जा सके। कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सतगुरु परिवार ने की तथा कार्यक्रम नवनिर्मित व नवोद्घाटित रंगमंच आगाज में रखा गया था। शिक्षकगण ने मंच संचालन किया गया।